शामली संस्करण

# शामली एक्सप्रेस न्यूज

RNI NO.UPHIN/2021/80564 | शामली से प्रकाशित व मुजफ्फरनगर, मेरठ व सहारनपुर में प्रसारित हिन्दी दैनिक | TITLE CODE-UPHIN49489 | जोश सच का !

प्रधान संपादक : अतुल बंसल | प्रबंध सम्पादक : विकास बंसल | वर्ष : 04 | अंक : 025 | शनिवार, 15 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1 रुपया | Email: shamliexpress1@gmail.com



# कभी भुलाया नहीं जा सकता शहीदों का बलिदान

## पुलवामा हमले की बरसी पर शामली के दो जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि, डीएम, एडीएम, विधायक, परिजन रहे मौजूद

## अमित कोरी के स्मारक स्थल पर हवन यज्ञ व बनत में प्रदीप प्रजापति की प्रतिमा का विधायक व डीएम-एसपी ने किया अनावरण

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** पुलवाला हमले की बरसी पर जनपद के दो अमर शहीदों अमित कोरी व प्रदीप प्रजापति को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शहर के कुडाना रोड पर अमित कोरी स्मारक स्थल पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया वहीं कस्बा बनत में शहीद प्रदीप प्रजापति की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान दोनों शहीदों के परिजन, डीएम-एसपी, एडीएम, सीआरपीएफ के जवान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।







जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में हुए पुलवामा हमले में शामली निवासी अमित कोरी व बनत निवासी प्रदीप प्रजापति भी शहीद हो गए थे। शुक्रवार को पुलवामा हमले की बरसी पर शहर के कुडाना रोड स्थित शहीद अमित कोरी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एडीएम संतोष कुमार सिंह, शहीद अमित कोरी के परिजन व अन्य गणमान्य लोगों ने आहूति देकर शहीद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जवान कभी नहीं मरते बल्कि हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। पुलवामा हमले में शहीद शामली जनपद के दोनों जवान हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। इन दोनों जवानों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक सुरेन्द्र आर्य, शहीदों के परिजन, सीआरपीएफ के अधिकारी व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

दूसरी ओर कस्बा बनत में पुलवामा हमले के शहीद जवान प्रदीप प्रजापति की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए शहीद प्रदीप प्रजापति को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस मौके पर सीआरपीएफ के अधिकारी, नगर पंचायत बनत चेयरमैन पति धर्मबीर सिंह, व्यापारी अंकित गोयल, लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष अवध संगल, अशोक नामदेव, सचिन गुप्ता, अमित शर्मा, अर्पित रुहेला, मोनू रुहेला, प्रशांत चौधरी सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# कहीं प्यार का इजहार तो कहीं मनाया ब्लैक डे

## नवदंपत्तियों ने रेस्टोरेंट में पहुंचकर मनाया वेलेंटाइन डे, किया प्रेम का इजहार

- वेलेंटाइन डे पर इंटरनेट मीडिया पर युवाओं ने पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को वेलेंटाइन डे पर जहां नवदंपत्तियों ने एक दूसरे को फूल देकर अपने प्रेम का इजहार किया तो वहीं कई युवा ऐसे भी रहे जिन्होंने वेलेंटाइन डे को दरकिनार करते हुए आज ही के दिन पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को अपनी श्रद्धांजलि दी। पूरे दिन इंटरनेट मीडिया पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के पोस्ट चलते रहे।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वेलेंटाइन डे को लेकर शहर के होटलों व रेस्टोरेंटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जहां बडी संख्या में नवदपंत्तियों ने पहुंचकर लंच व डिनर किया, साथ ही एक दूसरे को गुलाब का फूल व उपहार देकर अपने प्रेम का इजहार किया वहीं बडी संख्या में युवाओं ने पुलवामा हमले की बरसी को लेकर वेलेंटाइन डे से पूरी तरह से किनारा किया और पुलवामा के शहीद जवानों को याद करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। युवाओं ने वेलेंटाइन डे को ब्लैक डे के रूप में मनाया। युवाओं ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पुलवामा हमले की बरसी पर वीडियो, फोटो भेजकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इन युवाओं का कहना था कि वेलेंटाइन डे पाश्चात्य संस्कृति की देन है जिसे भारत जैसे देश में कोई जगह नहीं मिलनी चाहिए। हमें अपनी देश की संस्कृति अपनानी चाहिए वहीं अपने त्यौहारों को धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाना चाहिए। दूसरी ओर वेलेंटाइन डे को लेकर पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट नजर आई। पुलिस ने होटलों, रेस्टोरेंटों पर भी कडी नजर रखी, इस दौरान कई संदिग्धों से भी पूछताछ की गयी। पुलिस ने कई स्थानों पर घूम रहे युवाओं से भी पूछताछ की। कई जगह तो पुलिस को देखकर युवक खिसक भी लिए।

### शहीदों की स्मृति में मनाया गया काला दिवस

शामली। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में शहीदों की स्मृति में काला दिवस मनाया गया। इस मौके पर वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले में शहीद 44 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शिक्षकों ने कहा कि हम शहीद जवानों के शौर्य एवं बलिदान को व्यर्थ नहीं होने देंगे, हमें आतंकवाद को समाप्त करने के लिए एकजुट होकर आगे बढना होगा। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने छात्राओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कालेज के शिक्षक, शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे।

# घर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने जेवरात भी किए बरामद

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन पुलिस ने घर में चोरी के मामले में एक चोर को गिरफ्तार कर सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार थानाभवन के मौहल्ला लाल मस्जिद निवासी मुस्तफा पुत्र लतीफ के घर से 21 सितम्बर 2024 को अज्ञात चोरों ने जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया था। पीडित ने थानाभवन थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक चोर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से दो जोडी सोने के कुंडल, चांदी की कान की बाली व एक जोडी पाजेब भी बरामद कर ली है। पूछताछ में चोर ने अपना नाम फरमान पुत्र माशूक निवासी गांव रायपुर थाना बाबरी बताया। पुलिस ने चोर के



खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी ओर शहर कोतवाली पुलिस ने तमंचे व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोनू कुमार पुत्र सेवाराम निवासी गांव जसोई थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर बताया।

# एसपी ने किया शुक्रवार की परेड का निरीक्षण, दिए निर्देश

- मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक व शौचालय में साफ सफाई का भी जायजा

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** एसपी रामसेवक गौतम ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक व शौचालय में साफ सफाई का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया, इसके बाद कर्मचारियों के मैस में भोजन



की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। एसपी ने परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गयी। एसपी ने अर्दली रूम में रजिस्टरों की भी जांच की। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अमरदीप मौर्य व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं को जीएसटी कमिश्नर से मिले अधिवक्ता

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसियेशन ने शुक्रवार को जीएसटी कमिश्नर से मिलकर उनके सामने व्यापारियों के समक्ष आ रही कई समस्याओं को रखा तथा उनके निस्तारण की मांग की। कमिश्नर ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिला टैक्स बार एसोसियेशन के अधिवक्ताओं ने केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग (जीएसटी) कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें व्यापारियों के समक्ष आ रही कई समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही सरकार द्वारा जारी बजट पर चर्चा करते हुए कई सुझावों को भी उनके साथ साझा दिया। जीएसटी कमिश्नर ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि



व्यापारियों के समक्ष आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर विकास शर्मा एडवोकेट, अनुज कुमार, देशपाल सिंह, मोहित वर्मा, दिव्य मित्तल, सचिन गोयल, अकित जैन, विक्रांत भार्गव, सचिन सैनी, अनुराग गौड, मनव्वर हसन, सनुज शर्मा, मोहनलाल, सुनील सोनी, अतुल गोयल, अंशुल गर्ग, अमित मित्तल, सावेज, सदाकत अली, ओमवीर सिंह, अल्पेश कुमार आदि अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# भाजपा जिला मंत्री विवेक प्रेमी सहित 15 के खिलाफ वारंट जारी

- 2016 में हिन्दू नववर्ष पर बिना अनुमति बाइक रैली निकालने के मामले में कोर्ट ने की कार्रवाई

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** 2016 में हिन्दू नववर्ष पर बिना अनुमति बाइक रैली निकालने के मामले में कैराना न्यायालय द्वारा भाजपा नेता विवेक प्रेमी सहित 15 आरोपितों के वारंट जारी किए हैं। न्यायालय ने सभी आरोपितों को 18 फरवरी को न्यायलय में पेश होने के भी निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में हिन्दू नववर्ष पर भाजपा के जिला मंत्री विवेक प्रेमी व अन्य लोगों द्वारा बिना अनुमति लिए बाइक रैली निकाली थी जिसके संबंध में शामली कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। पुलिस



ने अपनी चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। यह मामला कैराना के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने तारीख पर पेश न होने के चलते भाजपा जिला मंत्री विवेक प्रेमी सहित 15 अन्य लोगों के खिलाफ वारंट जारी कर उन्हें 18 फरवरी को न्यायालय में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

# ब्रेकजाम होने से ट्रेक पर खडी रही पैसेंजर ट्रेन

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**कांधला।** एलम रेलवे स्टेशन पर सुबह ब्रेक जाम होने से पैसेंजर ट्रेन कई घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही। ब्रेक जाम होने से ट्रेन जब नहीं चली तक खराबी का पता चला। उधर, यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की सुबह ट्रेन जनपद सहारनपुर से दिल्ली के लिए चली थी। कांधला रेलवे स्टेशन चलने के बाद कस्बा एलम रेलवे स्टेशन पर इसका स्टॉपेज है। ट्रेन करीब 9 बजे बजे प्लैटफॉर्म पर पहुंची। ठहराव के बाद लोको पायलट ने ट्रेन चलाने का प्रयास किया, पर ट्रेन नहीं चली। पता चला कि गार्ड कोच के ब्रेक जाम होने के कारण ट्रेन नहीं चल पा रही है। पैसेंजर ट्रेन के ब्रेक एग्जाम होने के बाद ट्रेन घंटे पटरी पर ही खड़ी रही। इस पर स्टेशन मास्टर, पॉइंट्मैन और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच पड़ताल शुरू की। रेलवे कर्मचारियों के द्वारा ब्रेक को ठीक करने का प्रयास किया गया। उधर,



ट्रेन न चलने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री ट्रेन से उतर कर प्लैटफॉर्म पर घूमने लगे। गाड़ी संख्या 64026...ब्रेक जाम के कारण इस रूट की आधा दर्जन ट्रेन हुए बाधित...दिल्ली से आई इंजीनियरो की टीम ट्रैन को सही करने में जुटी है। यात्री ट्रेन से उतरकर अपने गंतव्य तक जाने के लिए अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ा।

# बसन्त कालीन गन्ना बुवाई जागरूकता रैली का शुभारंभ

- उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मंडल ओपी सिंह ने रैली को दिखाई हरी झंडी

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**थानाभवन।** उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मण्डल ओपी सिंह ने चीनी मिल थानाभवन से बसन्त कालीन गन्ना बुवाई के लिए किसान जागरूकता और प्रचार प्रसार अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गांव गांव में नई एवं उन्नतिशील गन्ना खेती तथा नई गन्ना प्रजातियों के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करेगी।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों और फील्ड स्टाफ तथा किसानो को जागरूक करते हुए उप गन्ना आयुक्त ने कहा कि ये बसन्त कालीन गन्ना बुवाई के लिए सबसे उत्तम समय है, तो इसमें अधिकतम गन्ना बुवाई का कार्य संपन्न कर लिया जाए तथा किसानों को जागरूक किया जाए कि वे केवल उत्तम गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करे। गन्ना प्रजाति को. 0238 बीमार हो गई है, इसमें लाल सड़न रोग आ गया है इसलिए इसकी बुवाई अब नहीं की जानी चाहिए, बल्कि इसके स्थान पर को .0118, को लख .16202, को.



13235, को. 15023, को लख. 14201 व को शा. 17231 आदि प्रजातियों की बुआई करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसानों को जागरूक करें कि गन्ने की बुवाई करने से पहले बीज को उपचारित अवश्य किया जाए और खेतों में 4 किलोग्राम प्रति एकड़ ट्राइकोड्रामा का उपयोग गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर जरूर किया जाए. और संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग किए जाएं। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी शामली, चीनी मिल के यूनिट हेड, जीएम केन, गन्ना पर्यवेक्षक, फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप :

### आज ढाई घंटे तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

शामली। गांव कसेरवा के निकट भूमिगत लाइन पर विद्युत कार्य के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न मौहल्लों की विद्युत आपूर्ति करीब ढाई घंटे तक बाधित रहेगी। जानकारी के अनुसार 33/11 केवी विद्युत उपखंड आदर्श मंडी व झिंझाना रोड द्वारा गांव कसेरवा के निकट भूमिगत लाइन पर कार्य के चलते शहर के मौहल्ला नया बाजार, बडा बाजार, मिल रोड, तालाब रोड, ब्राहमणान, गौशाला रोड, पंसारियान, अटल विहार, टंकी कालोनी, माजरा रोड, रेलपार, कांबोज कालोनी, जाट कालोनी, एमएसके रोड आदि की विद्युत आपूर्ति शनिवार की दोपहर 2 बजे से 3.30 बजे तक बाधित रहेगी।

### महिला पोलीटैक्नीक में छात्राओं को वितरित किए प्रमाण पत्र



शामली। राजकीय महिला पोलीटैक्नीक में शुक्रवार को मेधा फाउंडेशन की ओर से प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्राओं को तकनीकी शिक्षा व स्किल सिखाने की सराहना भी की। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राजकीय महिला पोलीटैक्नीक में मेधा फाउंडेशन द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था की सौम्या राय, शीतल सिन्हा, वैभव तवारी, फिजा द्वारा छात्राओं को स्वआरंभ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार द्वारा छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ स्वआरंभ की तरफ से स्किल सिखाने पर संस्था की पहल की सराहना की। इस मौके पर छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विपुल सूर्यवंशी, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी सचिन सैनी, स्वाति चौहान सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

### महिला पोलीटैक्नीक में छात्राओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

कांधला। थाना क्षेत्र के एक युवक का अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। युवक हाथों में हथियार लिए दिखाई पड़ रहा है लगातार युवाओं के अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना क्षेत्र में एक दर्जन से भी अधिक युवाओं के फोटो अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर प्रसारित हो चुके हैं। वीडियो और फोटो प्रसारित होने के बाद पुलिस लगातार पहचान करने के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई के बाद भी युवा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं युवाओं के लगातार फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। शुक्रवार को एक युवक का अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। बताया



जा रहा है की फोटो में दिखाई पड़ रहा युवक थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर का निवासी है। पूर्व में भी थाना क्षेत्र के गांव हुरमुजपुर से पुलिस ने अवैध हथियारों के जखीरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। फिलहाल युवक का फोटो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि वायरल फोटो संज्ञान में नहीं है, संज्ञान में लेकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### द गोल्ड में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

कांधला। गुरुवार को द गोल्ड पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र पीयूष पांचाल एवं उनके माता-पिता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पीयूष द गोल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 से अध्यापनरत है। अब वह 12 वीं कक्षा का छात्र है। पीयूष पांचाल ने 10 वी कक्षा में भी 96% अंको के साथ विद्यालय टॉप किया था। वही पीयूष पांचाल ने जी मीन्स में 94 प्रतिशत के साथ आईआईटी में अपना स्थान पक्का किया है। बच्चों में कौशल विकास एवं रचनात्मक विकास के लिए विद्यालय प्रविवर्ष विभिन्न प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों को भेजा जाता है। शुक्रवार को बच्चो को एल वर्क्स शाप में भाग लेने के लिए मेरठ के एमआईटी में भेजा है। ताकि बच्चों में बौधिक एवं तकनीकि विकास हो, जो आज के युग में प्रासंगिक है।

# जिसका हाथ दान देने के लिए सबसे पहले उठे वह बडा भाग्यशाली: सौरभ सागर

## वीवी कालेज में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव में मनाया गया ज्ञान कल्याण, हुई पूजा अर्चना, हैलीकाप्टर से हुई पुष्पवर्षा

**एक्सप्रेस न्यूज संवाददाता**

**शामली।** वीवी कालेज में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव के पांचवें दिन ज्ञान कल्याण मनाया गया। इस मौके पर जैन मुनि सौरभ सागर महाराज ने कहा कि जिसका हाथ दान करने के लिए सबसे पहले उठता है, वह बडा भाग्यशाली होता है। मनुष्य को दान जरूर करना चाहिए।

वीवी कालेज में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव के पांचवें दिन जैन मुनि सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में ज्ञान कल्याण का आयोजन किया गया। इस मौके पर इंद्र-इंद्राणियों ने पूजा विधि में भाग लिया। श्रद्धालुओं को



प्रवचन करते हुए जैन मुनि ने कहा कि गृह जीवन वाला मनुष्य ही मुनिराज को आहार दान दे सकता है, लेने वाला छोटा होता है और देने वाला बडा होता है। उन्होंने कहा कि जिसका हाथ दान करने के लिए सबसे पहले उठता है, वह बडा भाग्यशाली होता है। मनुष्य को दान जरूर करना चाहिए। आहार दान के बारे में बताते हुए मुनिश्री ने कहा कि आहार दान जब दिया जाता है श्रावक आगे होते हैं, मुनिराज पीछे होते हैं। जिसे आहार दान की क्रियाओं का पता होता है वही गृहस्थ आहार दान दे सकते हैं। 24 घंटे में एक बार मुनिराज आहार दान लेते हैं। उन्होंने बताया कि सौरभ सागर सेवा संस्थान गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे जीवन आशा हास्पिटल एवं पुनर्वास केन्द्र में लगभग 6 हजार लोगों का उपचार किया जा चुका है, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए जा चुके हैं। 20 राज्यों के मरीज इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसमें 16 डाक्टरों की टीम लगी हुई है। पंच कल्याणक महोत्सव के दौरान प्रतिदिन हैलीकाप्टर द्वारा पुष्पवर्षा भी की जा रही है। शुक्रवार को भी हैलीकाप्टर द्वारा महोत्सव स्थल पर फूलों की वर्षा की गयी। इस मौके पर प्रवीन जैन, अध्यक्ष मयंक जैन, वैभव जैन, प्रवीण जैन, वीरेश जैन, रवि जैन, आलोक जैन, कमल जैन, रितेश जैन, दिनेश जैन, शरद जैन, अनिल जैन, शिवम जैन, सिद्धार्थ जैन, अंकुर जैन, शिशिर जैन राहुल जैन पंकज जैन, स्वाति जैन, मृदुला जैन, नीरू जैन, ममता जैन, अंकित जैन, अरविन्द जैन, डीके जैन, राजीव जैन, विनय जैन मौजूद रहे।